आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

14.08.2024 समय : 1850

- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी—मुख्य समारोह कल पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा।

- कल के समारोह को देखते हुए पोर्ट ब्लेयर में यातायात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाल किले से राष्ट्र के नाम संबोधन और द्वीपो के उप—राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी का द्वीपवासियों को संबोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा।

- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने किसानों से प्राकृतिक कृषि को अपनाने का अनुरोध किया।

- गाराचरमा के पशु चिकित्सालय में पहली संध्या ओ पी डी की शुरूआत की गई है।

<><><><><><><>

अट्ठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस कल मनाया जाएगा। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां द्वीपों के उप—राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी कल सुबह नौ बजकर चौदह मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद उप—राज्यपाल गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे और बाद में वीरता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र का वितरण करेंगे। वे द्वीपवासियों को भी संबोधित करेंगे। मुख्य समारोह में पहुंचने से पहले उप—राज्यपाल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल जाकर शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित करेंगे और सेल्यूलर जेल में उप—राज्यपाल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। कल के समारोह को देखते हुए यातायात के भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। उप—राज्यपाल के वाहन सहित पी—ग्रीन कार्डधारकों को नेताजी स्टेडियम के भीतर पार्किंग करने की व्यवस्था की गई है। पी—पिंक कार्डधारकों को अंडमान क्लब और नेताजी स्टेडियम के नजदीक अपने वाहन पार्क करने होंगे। पी—कार्डधारक वाहनों को सुबह साढ़े आठ बजे तक समारोह स्थल पर पहुंचना होगा। मुख्य अतिथि के जाने के बाद पी—कार्डधारक वाहनों को स्काउट हट जंक्शन और अनिडको कार्यालय के रास्ते अपने गंतव्य की ओर रवाना होना होगा। पी—वन पार्किंग लेबल वाले वाहनों को मॉडल स्कूल और घंटाघर होकर नेताजी स्टेडियम में आने की अनुमति होगी। बिना पार्किंग लेबल के सभी वाहनों को जल—क्रीड़ा परिसर के नजदीक और गर्ल्स स्कूल पार्किंग पर वाहन खड़े करने होंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट की ओर जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल, बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाईन और नया गांव के रास्ते जाने की अनुमति होगी। कल सुबह सात बजे से दिन में ग्यारह बजे तक किसी भी भारी वाहन, निजी और एस टी एस के बसों को सेल्युलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी और इन्हें बंगाली क्लब से अन्य मार्गों की ओर भेजा जाएगा। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार आने वाले वाहनों को शादीपुर, पुलिस लाईन और गोलघर के रास्ते आना होगा। सुबह साढ़े आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को वाई नारायण जंक्शन, आर के मिशन, फायर ब्रिगेड और जल क्रीड़ा जंक्शन से समारोह स्थल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। जी बी पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को गांधी स्टैच्यू, मरीन गेट, सिष्टी नगर, डिगनाबाद सी—शोर मार्ग से अस्पताल के बाहरी गेट से प्रवेश करने दिया जाएगा। बंगाली क्लब से घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग, राउंड बस्ती होते हुए भी अस्पताल जाने के लिए व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंस और आपात सेवा के वाहनों को ही वाई. नारायण जंक्शन, सेल्यूलर जेल के रास्ते अस्पताल जाने की अनुमति होगी। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप, नॉर्थ बे के लिए संचालित होने वाले निजी पर्यटक जलयानों को कल जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी का पोर्ट ब्लेयर केन्द्र कल नेताजी स्टेडियम मे आयोजित होने वाले मुख्य समरोह का आंखो देखा हाल प्रसारित करेगा। इसे कल सुबह नौ बजे से सुना जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले के प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करेंगे। आकाशवाणी से इसका कल सुबह सात बजे से सजीव प्रसारण होगा। प्रधानमंत्री के संबोधन को देखते हुए कल सुबह का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर सुबह छः बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रसारित होगा।

<><><><><><>

नई दिल्ली के लाल किले में कल होने वाले स्वतंत्रता दिवस परेड समारोह में द्वीपसमूह के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के एन एस एस के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कंडीमुत्थु, एन एस एस स्वयंसेवी तन्मय तरफदार और अंडमान लॉ कॉलेज के एम. सतीश भाग लेंगे।

<><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में तिरंगा रैली के साथ झंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के सभी घरों में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराया गया है। प्रशासन और नगरपालिका परिषद द्वारा तीस हजार घरों में इसका वितरण किया गया है। लोगों से भी अपने घरों में तिरंगा फहराने का अनुरोध किया गया है। दक्षिण अंडमान पुलिस की ओर से स्कूली विद्यार्थियों को शामिल कर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पुलिस केन्द्रों का दौरा कराया गया, जहां उन्हें पुलिस के कामकाज और यातायात के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

उधर, जहाजरानी विभाग बम्बूफ्लाट और आस–पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए कल सुबह छः बजे से शाम छः बजे तक अतिरिक्त फेरी संचालित करेगा।

<><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कहा कि देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, लेकिन हमें ये जांच करनी होगी कि जो खाद्य पदार्थ हम ले रहे हैं, वह हमारे विकास के लिए सही है या गलत। वे कल क्यारी में द्वीपों में प्राकृतिक कृषि की संभावनाएं और चुनौतियों पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला व संगोष्ठी मे अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों, यूरिया और रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि में इसका प्रयोग न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, बल्कि ये मिट्टी की उर्वरक क्षमता को भी नष्ट कर देता है। फसलों के उत्पादन में अत्याधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा है और इससे मानव में कई किस्म की बीमारियां भी जन्म लेने लगी है और ये हमारे भविष्य की पीढ़ी के लिए भी हानिकारक है। मुख्य सचिव ने किसानों से प्राकृतिक कृषि को इस तरह अपनाने को कहा जिससे न सिर्फ खाद्य उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो सके, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के लाभ के बारे में अन्य किसानों को भी जानकारी देने का अनुरोध किया। आयुक्त व सचिव कृषि नन्दिनी पालीवाल ने प्राकृतिक कृषि के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन, कृषि विभाग और क्यारी द्वीपों में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है और ये कार्यशाला इस दिशा में काफी मददगार साबित होगा। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर और वैज्ञानिक डॉ. अजीत अरूण वामन ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><>

गाराचरमा के पशु चिकित्सालय में पहली संध्या ओ पी डी की शुरूआत की गई है। पशुपालन और पशु चिकित्सा सचिव एल कुमार ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस सेवा के आरंभ होने से गाराचरमा और आस–पास के लोगों को पशुओं की देखभाल और समस्याओं के बारे में लाभ मिलेगा। विभाग के निदेशक डॉ. के.ए नवीन ने संध्या ओ पी डी सेवा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आने वाले समय में इस पशु चिकित्सालय में स्थापित की जाने वाली आधुनिक उपकरणों और मशीनों की जानकारी दी। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बलजीत कौर ने अस्पताल के संचालन के बारे में बताया। ये ओ पी डी शाम चार बजे से देर रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट तक खुली रहेगी। हालांकि आपातकालीन सेवाएं रात में भी उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

वार्ड नम्बर बारह की पार्षद वसंता मुत्थुरमन ने नया गांव डॉक्टर्स कॉलोनी निवासी पचहत्तर वर्षीय दिनेश सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया है। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्रह दशमलव आठ, पोर्ट ब्लेयर में पांच दशमलव छः और मायाबंदर मे पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>